प्रारुप–11

**परियोजना का नाम– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 237/2013 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड पुरोला में हुड़ोली से बिनगदेरा मल्ला तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।**

(प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी है।)

## विस्तृत आख्या

उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 5927/III(2)/13– 31 (प्रा0आ0)/2013 दिनांक 22 नवम्बर 2013 द्वारा रू0 31.53 लाख की प्राप्त है। यह मोटर मार्ग हुड़ोली ठडुंग मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से प्रारम्भ होकर बिनगदेरा मल्ला तक मोटर मार्ग आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा।

उक्त मोटर मार्ग के समरेखण की प्रस्तावित वास्तविक लम्बाई 2.075 कि0मी0 है, जिससे ग्राम बिनगदेरा पूर्ण रूप से मोटर मार्ग से जुड़ जायेगा। यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इस क्षेत्र में नगदी फसलों का उत्पादन प्रचुर मात्रा में किया जाता है, मोटर मार्ग के अभाव में ग्रामीण उत्पादित नगदी फसलों को समय से मण्डियों तक नहीं पहुॅचा पाते हैं जिससे उन्हें फसल का सम्पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है। मोटर मार्ग निर्माण के पश्चात ग्रामीण अपनी नगदी फसलों को मोटर मार्ग से स्थानीय मण्डियों तक कम ढुलान दरों पर पहुॅचा पायेंगे जिससे क्षेत्र का आर्थिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा।

मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.034 है0 आरक्षित एवं सिविल सोयम वनभूमि एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.395 है0 आरक्षित एवं सिविल सोयम वनभूमि कुल 1.429 है0 वनभूमि की आवश्यकता होगी जिसका हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है।

(सी0पी0 सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला